सोमवार
08 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बाइक और सोने की चेन के लिए गला घोंट विवाहिता की हत्या, सास-ससुर गिरफ्तार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खबरें फटाफट

### किसान महापंचायत पर कांग्रेस ने भाजपा को दी बड़ी नसीहत



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों को गैर बीजेपी राजनीतिक दलों का समर्थन मिलना जारी है। रविवार को भारतीय किसान यूनियन और अन्य किसान संगठनों द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर महापंचायत करने की सूचना है। इसको लेकर कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया आई है प्रवक्ता अनुज आत्रेय ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश का नाम रोशन करने वाले भारतीय पहलवानों को अपने न्याय के लिए धरना देना पड़ रहा है। पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता अनुज आत्रेय ने कहा कि कोई भी संगठन अगर ऐसे हालात में भारतीय पहलवानों का समर्थन कर रहा है तो वह उचित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गुंडागर्दी को दशार्ता है। जब उनके द्वारा अपने पार्टी से सांसद को बचाने के उद्देश्य से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## बक्सर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री ने जमकर निकाली लालू यादव पर अपनी भड़ास


# हिम्मत है तो धीरेंद्र शास्त्री को जेल भेज कर दिखाएं, लंका दहन हो जाएगी: अश्विनी चौबे

- रावण की तरह ही राजद के साम्राज्य का होगा अंत, अभी से ले ज्ञान
- बोले केंद्रीय राज्य मंत्री... पंडित धीरेंद्र शास्त्री हनुमान जी के अनुवाई, देश उनके साथ

केटी न्यूज/पटना

जिले के नौबतपुर में 13 मई से बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम है। जैसे-जैसे दिन नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे बयानबाजी भी तेज हो रही है। रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर बयान देने वालों पर करारा हमला बोला। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम लेते हुए अश्विनी चौबे ने सीधे तौर पर आरजेडी सुप्रीमो को चैलेंज करते हुए कहा कि लालू यादव को अगर हिम्मत है तो पंडित धीरेंद्र शास्त्री को जेल भेज कर दिखा दें। धीरेंद्र शास्त्री हनुमान जी के अनुवाई (भक्त) हैं। उनको जेल में बंद करने की बात कह रहे हैं। लंका दहन हो जाएगा। अंत ऐसा होगा कि राम नाम लेने वाला भी कोई नहीं बचेगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि जो जेल भेजने की बात कह रहे हैं उन्हें रावण से सबक सीखना चाहिए। कहा कि जो लूटने वाला है, वह बाहर रहे और जो संस्कृति का रक्षा कर रहा है वह जेल में रहे। हिम्मत है लालू प्रसाद को तो बागेश्वर बाबा को जेल में डाल दें। ऐसे सनातन संस्कृति का प्रचार करने वाले



धर्मावलंबी, ऐसे हनुमान के भक्तों को जेल में बंद करेंगे?

अश्विनी चौबे ने कहा कि हनुमान जी को बंद करके पूछ में आग लगा दी गई थी। क्या हुआ परिणाम, स्वर्ण महल लंका जल गया, जहां रावण का सदा सदा के लिए अंत हो गया। आरजेडी और प्रशांत किशोर की टीम में कई आईएएस और आईपीएस शामिल हुए हैं। सदस्यता ग्रहण करने पर अश्विनी कुमार चौबे ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आईएएस और आईपीएस द्वारा सदस्यता लेने से कुछ नहीं होने वाला है। इसकी जांच होनी चाहिए। ये सब घाल मेल करने वाले लोग हैं। बता दें कि सात मई को आरजेडी में एक पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने सदस्यता ली है। वहीं जन सुराज में कई रिटायर्ड आईएएस पटना में सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। रविवार को 12 पूर्व आईपीएस भी प्रशांत किशोर की टीम में शामिल हुए हैं।

## देश अस्त-व्यस्त, प्रधानमंत्री अपने चुनाव प्रचार में मस्त: लालू यादव

केटी न्यूज/पटना

आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव पटना आने के बाद इन दिनों राजनीति में सक्रिय दिख रहे हैं। लालू यादव हर मुद्दे पर केंद्र की बीजेपी सरकार पर हमला बोल रहे हैं। वहीं, रविवार को उन्होंने ट्वीट कर मणिपुर हिंसा सहित कई मुद्दों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अभी देश अस्त-व्यस्त हैं लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चुनाव प्रचार में मस्त हैं। बता दें कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होने वाला है। इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। जम्मू कश्मीर में हमारे वीर जवान शहीद। मणिपुर जल रहा है। चीन हमारे देश में घुस रहा है।छात्र, नौजवान, कर्मचारी,व्यापारी, खिलाड़ी त्रस्त हैं। गुजरात से पिछले पांच सालों में 40,000 महिलाएं गायब हुई, लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चुनाव प्रचार में मस्त और देश अस्त-व्यस्त। मीडिया द्वारा निर्मित इन लोगों ने लोकतंत्र, सद्भाव, चुनावी राजनीति और पद की गरिमा को एकदम तार-तार कर दिया है।

बता दें कि बिहार आने के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव राजनीति में काफी एक्टिव हो गए हैं। बीते बुधवार को लालू यादव ने 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास पर आरजेडी के विधायकों, मंत्रियों और विधान पार्षदों को लंच पर बुलाया था। इस दौरान



उन्होंने नेताओं से क्षेत्र में माहौल को जाना। सरकार के मंत्रियों के कामगाज के बारे में जाना. साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी चर्चा की थी। वहीं, लालू यादव किडनी की बीमारी से काफी समय से जूझ रहे थे। कुछ समय पहले सिंगापुर में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। इसके बाद से ही वो दिल्ली में रह रहे थे। बिहार में आने के लिए लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे लेकिन खराब स्वास्थ्य की वजह से नहीं आ रहे थे। वहीं, 28 मई को लालू यादव 9 महीने बाद पटना पहुंचे।

## लाखों रुपये की ड्रग्स बरामदगी मामले में नवादा पहुंची मुंबई की एनबीसी टीम

केटी न्यूज/पटना

बिहार के नवादा में मुंबई के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम शुक्रवार को लाखों रुपये की ड्रग्स बरामदगी मामले में कार्रवाई करने पहुंची। नवादा के एसपी अम्बरीष राहुल के निर्देश पर नगर थाना पुलिस के सहयोग से एनसीबी ने छापेमारी की और ड्रग्स तस्कर मो. मोनाजिर नाम के युवक को गिरफ्तार किया। ड्रग्स तस्कर मो. मोनाजिर हसन नगर थाना क्षेत्र के गोंदापुर बाईपास रोड के समीप इस्लाम नगर मोहल्ले का रहने वाला है। वहीं, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम शनिवार को आरोपी को मुंबई लेकर चली गई। मिली जानकारी के अनुसार ड्रग्स बरामदगी मामले में एनसीबी, मुंबई की टीम तकनीकी सर्विलांस के जरिये शुक्रवार को नवादा पहुंची थी। नवादा के एसपी अम्बरीष राहुल के निर्देश पर शुक्रवार की देर रात छापेमारी की गई। इस छापेमारी में ड्रग्स तस्कर मो. मोनाजिर नाम के युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया गया। छापेमारी टीम में एनसीबी मुंबई के इंस्पेक्टर विजय राज समेत अन्य पदाधिकारी और नगर थाने के अधिकारी शामिल थे। अब एनसीबी की जांच टीम मोनाजिर के मोबाइल से ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश करेगी।

बताया जा रहा है कि मोनाजिर नवादा में एक दवा की दुकान में काम करता था और कयास लगाया जा रहा है कि मोनाजिर ही नवादा में ड्रग्स की आपूर्ति करता था। पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है।

## अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक, सेल्फी लेने की मची होड़

एजेंसी/औरैया

औरैया पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। मंच से उतरने के बाद अखिलेश यादव को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। कार्यकर्ता अखिलेश यादव के साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। सेल्फी लेने की आपाधापी में सपा मुखिया के साथ धक्का मुक्की हुई। शोर-हंगामे के बीच कार्यकर्ताओं की भीड़ से सपा मुखिया का निकलना मुश्किल हो गया. अखिलेश यादव की सुरक्षा में तैनात जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा। सुरक्षा कर्मियों और पुलिस जवानों की मदद से अखिलेश यादव को कार्यकर्ताओं के घेरे से निकाला गया. भीड़ से अखिलेश यादव को सुरक्षित निकालने के बाद जवानों ने राहत की सांस ली। अखिलेश यादव दिबियापुर नगर पंचायत सीट पर जनसभा करने पहुंचे थे. कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद अखिलेश यादव मंच से उतर रहे थे। मंच से उतरने के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया को घेर लिया। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 11 मई को होगा। 13 मई को मतगणना के बाद प्रत्याशियों की किस्मत का ताला खुलेगा।

## बिहार में जातीय गणना पर सवाल उठाने वाले सभी लोग अमित शाह के दुलरुआ: निरज सिंह

केटी न्यूज/पटना

बिहार में जातीय गणना को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग तेज हो गई है। जातीय गणना पर हाई कोर्ट के रोक को लेकर महागठबंधन के नेता बीजेपी पर लगा रहे हैं तो बीजेपी नीतीश सरकार को घेर रही है। वहीं, इस मुद्दे को लेकर जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कोर्ट में संगठन यूथ फॉर इक्वलिटी के छह आवेदन कर्ता हैं। इसमें प्रो. माखन लाल, प्रो. संगीत कुमार रागी, प्रो. कपिल कुमार, डॉ. भूरे लाल, अहना कुमारी और एक सोच, एक प्रयास शामिल है, ये सभी अमित शाह के दुलरुआ हैं। बीजेपी



के नेताओं के सह पर यह याचिका दाखिल की गई है। नीरज कुमार ने कहा कि संगठन यूथ फॉर इक्वलिटी का जन्म 2006 में ओबीसी आरक्षण के खिलाफ हुआ था। ओबीसी आरक्षण को लेकर यह संगठन सुप्रीम कोर्ट गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया था।इसके बाद 2019 में इस संगठन ने 10 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। सबसे बड़ी बात है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी का 2006 में समर्थन किया था। आगे जेडीयू प्रवक्ता ने बीजेपी से पूछा कि इस संगठन से आपका रिश्ता क्या है?

**जनगणना विरोधी है मोदी सरकार :** जेडीयू नेता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ जाति गणना विरोधी नहीं है, वह जनगणना विरोधी भी है। पिछले डेढ़ सौ सालों में पहली बार हो रहा है कि देश में 10 साल में जनगणना नहीं हो रही है। अंतिम जनगणना 2011 में की गई थी। इसके बाद 2021 में तय था लेकिन मोदी सरकार ने कोविड का बहाना बनाकर आज तक जनगणना नहीं की। जनगणना नहीं कराए जाने से देश में संविधानिक संकट पैदा हो गया है।

## उत्तर प्रदेश के दंगों पर लगा चुके हैं अलीगढ़ का ताला: सीएम योगी

एजेंसी/प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलीगढ़ की पहचान ताला नगरी, तालीम और तहजीब के रूप में होती थी, लेकिन परिवार वादी लोगों ने अलीगढ़ के उद्योग धंधों को बंद करने का काम किया। परिवार वादी जातिवादी लोगों को तालीम से कोई मतलब नहीं था। तुष्टिकरण की राजनीति से समाज को डराने का प्रयास किया गया। त्योहार आने पर लोगों में भय और दहशत का माहौल पैदा हो जाता था। लोग लंबे समय तक कर्फ्यू झेलने के लिए मजबूर हो चुके थे। व्यापारियों का उद्योग और कारोबार ठप पड़ जाता था।

आज आप अलीगढ़, उत्तर प्रदेश और भारत को बदलते हुए देख रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के कारण भारत ने लंबी दूरी तय की



है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज भारत के बारे में दुनिया की धारणा बदली है। भारत के नागरिकों को दुनिया में सम्मान की निगाह से देखा जा रहा है। एक ओर भारत की दुनिया में बढ़ती हुई प्रतिष्ठा दूसरी ओर भारत की सुरक्षित होती हुई सीमा है। आतंकवाद और उग्रवाद पर पूरी तरह लगाम लगाने की कोशिश भारत सरकार की जारी है। इंफ्रास्ट्रक्चर के काम पिछले 9 वर्षों में हुए हैं।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा फैसला: रक्षा मंत्रालय ने विभागों को भेजा पत्र

# 2024 की गणतंत्र दिवस परेड में केवल महिलाएं होंगी शामिल

एजेंसी/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विभिन्न सेक्टरों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत सरकार ने तय किया है कि कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस मार्च पास्ट परेड 2024 में झांकियों और परफॉर्मेंस में सिर्फ महिलाएं शामिल होंगी। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सैन्य बलों तथा परेड में शामिल होने वाले अन्य सरकारी विभागों को पत्र लिखा है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि मार्च पास्ट करने वाले दस्ते और उनके साथ जुड़े बैंड तथा झांकियों में सिर्फ महिलाओं को ही शामिल होंगी। इस पत्र ने कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को आश्चर्य में डाल दिया है और




भ्रम की स्थिति पैदा की है। कई लोगों का मानना है कि इसके लिए सेना में पर्याप्त महिलाएं उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मार्च करने वाली कुछ टुकड़ियों में केवल पुरुष होते हैं। बता दें कि सशस्त्र बलों ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को कमान की भूमिका सौंपने, भविष्य की नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करने और आर्टिलरी रेजीमेंट में शामिल करने जैसे कई उपाय किए हैं।

**सात फरवरी की बैठक में लिया गया था फैसला :** गणतंत्र दिवस परेड में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने का फैसला सात फरवरी को हुई एक बैठक के दौरान लिया गया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, गृह मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया था। बैठक के लगभग एक महीने बाद, रक्षा मंत्रालय ने एक मार्च को भाग लेने वाले बलों, मंत्रालयों और विभागों को औपचारिक रूप से एक पत्र जारी किया। पत्र में अगले साल होने वाली परेड में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया है।

रक्षा मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि कर्तव्य पथ पर परेड में शामिल होने वाली टुकड़ियों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी होंगी। सभी भाग लेने वाले मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को भी इसके लिए तैयारियां शुरू करने और इस दिशा में प्रगति के बारे में समय-समय पर रक्षा मंत्रालय को बताने के लिए कहा गया है। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि सरकार वही करेंगी जो व्यावहारिक है। फिलहाल सभी मार्चिंग और बैंड दस्तों में केवल महिला प्रतिभागियों का होना मुश्किल है।



# जिले के सरकारी अस्पताल में मौजूद है टीबी का पूर्ण इलाजः सीडीओ

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश से 2025 तक टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए लगातार मुहिम चलाकर टीबी से ग्रसित लोगों की पहचान कर उसका इलाज किया जा रहा है। साथ ही टीबी को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें टीबी बीमारी का कारण, लक्षण और उसके इलाज के बारे में भी बताया जा रहा है। इधर रोहतास जिले में भी बढ़ते टीबी के मरीजों को देखते हुए जिला यक्ष्मा केंद्र लगातार लोगों को जागरूक करने और पीड़ित मरीजों को नियमित दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित कर रही है। जिला यक्ष्मा विभाग की माने तो टीबी से ग्रसित मरीजों को

❐ इलाज के बीच में टीबी की दवा छोड़ना हो सकता है घातक

कम से कम 6 महीने तक लगातार दवा खाना है। यदि बीच मे दवा खाना बंद कर दें तो यह बीमारी बढ़ने लगेगा जो जानलेवा साबित हो सकता है। जिला यक्ष्मा केंद्र के सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी का ईलाज अब पूरी तरह से संभव है बशर्ते समय से उसका पहचान हो और नियमित दवा का सेवन हो। उन्होंने बताया कि पहले टीबी बीमारी का इलाज नही था लेकिन अब ईलाज मौजूद है और इस बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।

**सरकारी अस्पताल में है बेहतर इलाज :** डॉ राकेश कुमार ने बताया कि सरकारी अस्पताल में टीबी बीमारी का पूर्ण इलाज है। रोहतास जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी जांच की सुविधा मौजूद है। टीबी मरीज मिलने पर जिला यक्ष्मा केंद्र में लगातार परामर्श के साथ साथ निःशुल्क जाँच और दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। सीडीओ ने बताया कि एमडीआर रेजिस्टेंस वाले टीबी मरीजों के लिए बेडाकुलिन एक महत्वपूर्ण दवा है जो सिर्फ सरकारी अस्पतालो में ही उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस दवा की कीमत 9 लाख रुपये है जो टीबी मरीजों को निःशुल्क दी जाती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य जरूरी दवाएं सदर अस्पताल में पूरी तरह से निःशुल्क मुहैया कराई जाती है।




## टीबी प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान की जरूरत

डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि जिले के कुछ ऐसे प्रखंड है जहां पर अधिक टीबी के मरीज पाए जा रहे हैं। ऐसे में जरूरत है उक्त प्रखण्डों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करना। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महादलित बस्ती, गंदी बस्ती के अलावा ईट भट्टा, चुना भट्टा, क्रशर उद्योग, पत्थर उद्योग जैसे क्षेत्रों में रहने वाले एवं काम करने वाले लोगों में टीबी बीमारी अधिक देखी जा रही है। वैसे जगहों पर लोगों में जागरूकता की कमी है। इस वजह से यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे लोगों में ज्यादा फैल जाती है। उन्होंने बताया कि वैसे क्षेत्रों में लगातार कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और टीबी बीमारी के बारे में बताया जा रहा है।

### विवाहिता की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगा रहे थे ससुराल वाले, पहुंची पुलिस

# बाइक और सोने की चेन के लिए गला घोंट विवाहिता की हत्या, सास-ससुर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में शनिवार की रात दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। उसका शव रविवार की सुबह घर से बरामद किया गया। बाइक और सोने की चेन के लिए रस्सी या तार से गला घोंट कर उसको मार डालने का आरोप लगाया जा रहा है। मृत विवाहिता धरहरा गांव निवासी मुन्ना यादव की 26 वर्षीया पत्नी सुषमा कुमारी थी। रविवार सुबह को ठिकाने लगाने की तैयारी की जा रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिल गयी और थानाध्यक्ष उदयभानु सिंह स्थानीय चौकीदार के साथ मौके पर पहुंच गये। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। बाद में एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह भी? घटनास्थल पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। हत्या का आरोप उसके पति, जेठानी, ससुर और सास पर लगाया जा रहा है। उसे लेकर चारों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है।

पुलिस द्वारा उसकी सास और ससुर को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। उसी थाना क्षेत्र के जगदीश पिपरा गांव निवासी भीम यादव ने बताया





■ पति और जेठ सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

कि उसकी बहन सुषमा कुमारी की शादी अप्रैल 2018 माह में धरहरा निवासी भगवान सिंह यादव के पुत्र मुन्ना यादव के साथ हुई थी। करीब दो वर्ष बाद वर्ष 2020 में गवना हुआ था। उसके दो महीने बाद ही उसके पति सहित ससुराल वालों द्वारा दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग की जा रही थी। उसे लेकर मारपीट भी की जा रही थी। तब ससुराल पक्ष के लोगों को काफी समझाया गया था। उसके बाद से सब ठीक चल रहा था। शनिवार की रात करीब नौ बजे उसने अपनी बहन से बात भी की थी। इस बीच रविवार की सुबह फोन पर सूचना मिली कि उसकी बहन की तबीयत खराब है। कुछ देर बाद दुबारा सूचना मिली कि उसकी बहन नहीं रही और ससुराल वाले उसके शव का दाह-संस्कार करने जा रहे हैं। तब उसने पुलिस को सूचना दी और खुद भी पहुंचा।

**विवाहिता के पति पर अवैध संबंध का आरोप :** भीम यादव की ओर से अपने बहनोई पर दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध का आरोप भी लगाया जा रहा है। कहा कि अवैध संबंध को लेकर भी इसका झगड़ा हो रहा था। उसे लेकर दोनों परिवारों के बीच पंचायती भी हुई थी। उसके बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। उसने अवैध संबंध और दहेज में बाइक व सोने की चैन की मांग को लेकर अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही हैं। डीएसपी राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि सुबह छह बजे करीब घटना की सूचना मिली। उसके बाद थानाध्यक्ष और चौकीदार फौरन मौके पर पहुंचे। तब लोग शव को दाह-संसकार के लिए ले जाने की तैयारी में थे। उसके बाद कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो मी बात सामने आएगी और जो भी इस मामले में शामिल होंगे, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि विवाहिता को एक दो साल का पुत्र भी है। विवाहिता दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। घटना के बाद उसके मायके में कोहराम मच गया है।

## बाइक खरीदने जा रहे अधेड़ से डेढ़ लाख छीन ले भागे बदमाश

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज बाजार के समीप रविवार की दोपहर बदमाशों द्वारा एक अधेड़ से डेढ़ लाख रुपए छीन लिया गया। बदमाश अधेड़ का मोबाइल भी ले भागे। उस दौरान अधेड़ के साथ मारपीट भी की गयी। उसमें उन्हें मामूली चोटें आयी है। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। पीड़ित गजराजगंज ओपी क्षेत्र के ही कारीसाथ गांव के रहने वाले मनोज सिंह हैं। पैसे छीनने का आरोप उनके गांव के एक रिश्तेदार भीम सिंह सहित तीन लोगों पर लगाया जा रहा है। भीम सिंह करनामेपुर ओपी क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। मनोज सिंह ने बताया कि वह उनकी बेटी की चार दिन बाद शादी है। उसमें दहेज में बाइक देनी है। उसके लिए गांव के एक व्यक्ति से कर्ज लेकर रविवार को वह बाइक खरीदने जा रहे थे। उसी दौरान गजराजगंज बाजार के समीप तीन लोग बाइक से पहुंचे और मारपीट कर उनका डेढ़ लाख रुपए छीन लिया। मोबाइल भी ले भागे। उसके बाद वह घर पहुंचे और परिजनों एवं स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। बाद में वह इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचे। इधर, इस संबंध में गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंदन कुमार का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। अबतक यह बात सामने आयी है कि वादी और आरोपित आपस में रिश्तेदार हैं। संभवतः साथ में दोनों बाइक खरीदने जा रहे थे। आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। आरोपित के पकड़े जाने के बाद मामला पूरी तरह क्लीयर हो सकेगा।

# दादागिरीः मलहचक मोड़ के पास दुकान लगवा कराया जा रहा अतिक्रमण

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शहर के मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु एक तरफ जिला प्रशासन स्वच्छ शहर बनाने में लगा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ मलहचक मोड़ पर कुछ कपड़े की दुकान के दुकानदार दादागिरी करते हुए सड़क पर तीन फीट आगे बढ़कर अपने अपने दुकान लगाकर अतिक्रमण बढ़ाते जा रहा है। मिल रही जानकारी के मुताबिक कुछ दादागिरी करते हुए पैसा उगाही करने तथा प्रशासन को आंख में धूल झोंक अपना नफा बढ़ाने के उद्देश्य से अतिक्रमण कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने अपना नाम न बताने के सवाल पर बताया कि, इतना ही नहीं कुछ फुटपाथ के दुकानदारों से सुबह शाम दुकान लगवा कर गरीब असहाय लोगों से पैसा वसूलने का भी काम किया जाता है।

जबकि मलहचक मोड़ का एरिया काफी संकीर्ण है। अतिक्रमण रहने के कारण आम आवाम को आने जाने में काफी कठिनाइयां उठाना पड़ता है। प्रायः यह भी देखा जाता है कि दो पहिया वाहन को तो मोड़ पार करने में काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।वही एचडीएफसी



एटीएम के बगल में फैशन इरा कपड़े की दुकान से लेकर काफी आगे की एरिया तक लोग अतिक्रमण किए हुए है।जिससे आम जनमानस की काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। यहां यह बता दें मलहचक मोड़ काफी स?क्रिण के साथ साथ घनी आबादी वाले क्षेत्र रहने के कारण खासकर शादी समारोह में आने जाने वाले को तो और परेशानी उठानी पड़ती है। शहर के दर्जनों लोगों ने जिला प्रशासन, अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी से प्रेस के माध्यम से मलहचक मोड़ को अतिक्रमण पर करवाई करते हुए शहर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने की गुहार लगाई है।

## क्षेत्र भ्रमण कर सांसद ने की जन समस्याओं की सुनवाई

**जहानाबाद।** सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी मखदुमपुर प्रखंड में वीरेंद्र दास के यहां पहुंचे और दिनांक 5 मई को सम्पन्न हुए उनकी पुत्री की शादी की बधाई दी एवं बिंदेश्वर सिंह को भी उनकी पुत्री की 8 मई को होने जा रहे शादी की शुभकामनाएं दी और वर वधु के उज्जवल भविष्य की कामना की। माननीय सांसद मखदुमपुर प्रखंड के पलेया गांव पहुंचे जहां पिछले दिनों श्री बिनकिशोर शर्मा एवं श्री विक्रम कुमार का देहांत हो गया था। उन्होंने मृतक परिवार के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया। ज्ञात हो की विक्रम कुमार का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। माननीय सांसद ने जीआरपी से बात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

## थ्रेसर की चपेट में आने से महिला की मौत, मचा कोहराम

**जहानाबाद।** टेहटा ओपी क्षेत्र के सरेन गांव में उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब अपने खेत में थ्रेसर से गेहूं दमा रही महिला थ्रेसर की चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रविवार के दिन पच्चु रविदास ट्रैक्टर वाले थ्रेसर से अपने खेत में गेहूं की फसल दमा रहे थे। उनके साथ उनके कामों में हाथ उनकी पत्नी सुनैना देवी (50 वर्ष) भी बटा रही थी। तेज हवा चलने के कारण महिला की साड़ी एकाएक थ्रेसर में फस गई और महिला थ्रेसर की चपेट में आ गई। लोग कुछ समझ पाते के इससे पहले ही महिला ने अपना दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पूरे गांव में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई पूरे गांव के लोग खेत की तरफ दौड़े मगर जब तक महिला की जान जा चुकी थी। वहीं घटना की सूचना पाकर टेहटा की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। मृतिका के परिजनों द्वारा पुलिस को कहा गया कि हमें किसी प्रकार का कोई केस मुकदमा नहीं करना है। जिसके कारण उन्होंने महिला का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। वहीं घरवाले ग्रामीणों के सहयोग से महिला का गांव में ही दाह संस्कार किया गया। कोई घटना के बाद पंचायत के मुखिया सविता देवी सामाजिक कार्यकर्ता कारू यादव, हिमायू खान, सरजू यादव सहित कई लोगों ने दुख व्यक्त की है।

### सोते समय करें मच्छरदानी का उपयोग, घर के आसपास पानी न होने दें जमा

# स्वच्छता एवं सावधानी से करें मलेरिया से अपना बचावः डॉ. सिन्हा

**केटी न्यूज/आरा**

गर्मी बढ़ते ही मच्छरों की तादाद अचानक से बढ़ने लगती है जो कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां घर पर लाती है। इन संक्रामक बीमारियों में से एक है मलेरिया जिसका समय रहते इलाज नहीं किया गया तो यह जानलेवा भी हो सकता है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा के अनुसार मलेरिया से सुरक्षा अपने हाथों में होती है। जागरूक होकर और स्वच्छता का ध्यान रखकर मलेरिया के प्रकोप से बचा जा सकता है।

डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो एनाफिलीस मादा मच्छर के काटने से



फैलती है। इससे निकालने वाला प्रोटोजुअन प्लाज्मोडियम शरीर के ब्लड के साथ मिलने लगता है जिससे धीरे-धीरे खून की कमी होने लगती है। मलेरिया के कीटाणु दो तरह होते है एक तो प्लाज्मोडियम फेल्सीपेरम (पीएफ) जो कभी-कभी जानलेवा हो सकता है, वहीं दूसरा प्लाज्मोडियम वाईवेक्स (पीवी) यह सामान्य मलेरिया होता है। इन दोनों बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को सही समय पर उचित इलाज तथा चिकित्सकीय सहायता द्वारा ठीक किया जा सकता है। सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मलेरिया का निःशुल्क उपचार किया जाता है।

## मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति में निम्न लक्षण दिखाई पड़ते हैं

- कंपकपी वाला बुखार होना
- सरदर्द व उल्टियां होना
- थकावट के साथ अत्यधिक पसीना आना

**यह है उपचारः** डॉ. चौधरी ने बताया कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र जाकर खून की जांच करानी चाहिए ताकि सही उपचार हो सके। मलेरिया के मरीजों को क्लोरोकुइन एवं प्राइमाकुईन नामक दवा दी जाती है जिससे मलेरिया के लक्षण तीन दिनों के अन्दर घटने लगते हैं। अपने घर,दफ्तर एवं कामकाज की जगह पर पानी न जमा होने देना, कूलर के पानी को नियमित रूप से बदलना एवं साफ सफाई का ध्यान मलेरिया से बचने का सर्वोत्तम उपाय है। बाहर निकलते समय मच्छर रोधी क्रीम लगाना एवं सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग भी मलेरिया से बचाव में सहायक है।

## एक नजर

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न करने वाले आरोपी भाजपा सांसद की शीघ्र हो गिरफ्तारीः वाम दल

**जहानाबाद।** देश में बढ़ते सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, लोकतांत्रिक मूल्यों पर भगवा गिरोह के बढ़ते हमले और केंद्र के संरक्षण, संचालन में सुनियोजित तरीके से संघ व भगवा गिरोह द्वारा बढ़ाया जा रहा घृणा, उन्माद, नफरत के खिलाफ रोजी-रोटी, भाईचारा के लिए वाम दलों भाकपा-माले, सीपीएम, सीपीआई का जहानाबाद प्रखंड स्तरीय बैठक भाकपा माले जिला कार्यालय जहानाबाद में संपन्न हुई। जिसका संचालन संयुक्त रूप से माले के संस्थापक नेता वसी अहमद, प्रखंड सचिव हसनैन अंसारी, सीपीएम जहानाबाद प्रखंड सचिव दिनेश कुमार, सीपीआई नगर सचिव बासुदेव प्रसाद ने किया। वक्ताओं ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न करने वाला आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की सिर्फ शीघ्र गिरफ्तारी और जंतर मंतर पर आंदोलन करने वालों का दमन करने वाला दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग सर्वसम्मति से किया है। कहा कि मोदी राज में देश रसातल में चला गया है। देश में चरम बेरोजगारी, महंगाई है। आम आदमी और कमजोर तबके के लोगों का घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के बजाय संघ ब्रिगेड और मोदी- शाह की जोड़ी तलवार, भाला देकर उन्मादी और नफरती बना रहा है। दूसरी ओर तमाम सरकारी संस्थानों को बेचकर युवाओं, कामगारों को कंपनी मालिकों का गुलाम बना रही है। देश की आजादी और संविधान खतरे में है। भाजपा और संघ परिवार के जनविरोधी हरकतों के खिलाफ वामदल संयुक्त रूप से गांव-गांव में 12 मई से जनसंवाद चला कर भाजपा, संघ के तिकड़मों का भंडाफोड़ करेंगे। इस दौरान माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, सीपीएम के जिला सचिव राम प्रसाद पासवान, सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य दिनेश प्रसाद, सीपीआई के जिला सचिव सुरेश प्रसाद, भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य गणेश दास, इनौस के राष्ट्रीय परिषद सदस्य मुकेश पासवान, सीपीएम नेता और अधिवक्ता रामानंद सागर, माले नेता ब्रह्मदेव प्रसाद, प्रदीप कुमार, शिवपुजन साव, सुरेंद्र मिस्त्री, बैजनाथ साहू, युवा नेता सुजीत कुमार आदि ने सभा को संबोधित किया।



### भवानी चक सुरूंगापुर में ग्रामीणों ने विधायक सुदय यादव के सामने लगाए मुदार्बाद के नारे

**जहानाबाद।** एक तो विधायक जी ने सड़क नहीं बनवाया और जब ग्रामीणों ने श्रम दान से सड़क बनाई तो उन्हें एससी/एसटी केस में फंसा दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जहानाबाद में विधायक यादव का ग्रामीणों ने काला झंडा दिखाकर और मुदार्बाद का नारा लगाकर विरोध किया। ग्रामीण चंदेश्वर सिंह और गिरीजानंदन सिंह का आरोप है कि विधायक ने एक तो गांव में सड़क नहीं बनवाया और दूजा जब उन लोगों ने श्रमदान से सड़क बनाया तो विधायक ने गलत तरीके से उन लोगों को एससी/एसटी केस पैरवी कर फंसाने दिया। दरअसल में जहानाबाद में बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर का कार्यक्रम जहानाबाद सदर प्रखंड के भवानीचक सुरंगापुर गांव में था इसी दरम्यान ग्रामीणों ने काले झंडे और बैनर के साथ स्थानीय विधायक सुदय यादव का विरोध किया और मुदार्बाद के नारे लगाए। ग्रामीणों का कहना था पंचायत भवन और स्कूल तक जाने के लिए पहले से पथ नहीं था ।पथ के निर्माण को लेकर विधायक ने कोई पहल नहीं की और जब उन लोगों ने श्रमदान से पथ का निर्माण कराया तो विधायक ने पैरवी कर उन लोगों को एससी एसटी केस में फंसा दिया। इधर विधायक रूटीन विरोध देते हुए कहा कि राजनीतिक और सामाजिक जीवन में आते हैं तो इस तरह के विरोध का सामना करना पड़ता है कोई नई बात नहीं है। बहरहाल जिले विधायक के काले झंडे और मुदार्बाद लगाए जाने और ग्रामीणों पर एससी/एसटी केस की चर्चा जोरों पर हो रही है।



### इम्यूनिटी टॉक्स टू पब्लिक हेल्थ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में एसएस कॉलेज में स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी तथा इंडियन इम्यूनोलॉजी सोसायटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में इम्यूनिटी टॉक्स टू पब्लिक हेल्थ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। शैक्षणिक व सामाजिक स्वास्थ्य महत्व के इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति के बीच हाइब्रिड मोड में हुए इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यशाला का विशेष महत्व है। उन्होंने अपने संबोधन में प्राकृतिक जीवनशैली, स्वास्थ्य अनुकूल खान-पान, शारीरिक व्यायाम, व्यक्तिगत स्वच्छता व सार्वजनिक स्वच्छता पर विशेष जोर देने के लिए लोगों को जागरूक होने की अपील की। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में सामूदायिक स्वास्थ्य पर विभिन्न प्रकार के प्रदुषण के पड़ने वाले दुष्प्रभाव से आगाह किया। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए संतृप्त वसा, नमक व चीनी के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह दी। वहीं मोटे अनाज के सेवन करने पर जोर दिया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में व्याख्यान देने वालों में गांधी स्मारक विद्यालय के शिक्षक डॉ. संजय कुमार ने इम्यूनोलॉजी के बारे में मौलिक जानकारी दी। साइंस फोर सोसायटी, बिहार के अध्यक्ष प्रो.(रि) अरुण कुमार ने इम्यूनोलॉजी और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार के सहायक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने ल्यूकेमिया और आर्सेनिक के बारे में जानकारी दी। उक्त अवसर पर एम्स पटना के शरीर क्रिया विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. योगेश कुमार ने संक्रमण के विषय में बताया।



### सड़क दुर्घटना मामले में प्राथमिकी दर्ज, चालक समेत दो को किया गया गिरफ्तार

**जहानाबाद।** गत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत छात्र के सहोदर भाई नीतीश कुमार के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया की शुक्रवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में नीमचक निवासी टुट्टू कुमार नमक छात्र की मृत्यु हो गई थी एंव एक अन्य युवक घायल हुआ था। उक्त दुर्घटना में मृतक के भाई नीतीश कुमार द्वारा दर्ज कराते हुए दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया। जिसके उपरांत तत्काल कार्यवाही करते हुए नामजद अभियुक्त मो. दानिश एवं मो. उसामा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विदित हो की शुक्रवार की देर शाम काको ब्लॉक के पास स्कूटी और साइकिल में आमने सामने की टक्कर हो गई थी। जिसमें एक छात्र की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। वहीं दूसरे व्यक्ति को गंभीर स्थिति देखते हुए पटना भेजा गया था। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# डुमरांव नगर निकाय चुनावः आरक्षण में हो गए फेल तो दूसरे के सहारे करेंगे खेल

- आरक्षण रोस्टर जारी होते ही कई धुरंधर चुनाव लड़ने से हो गए वंचित
- निर्धारित वर्ग के अपने चहेते प्रत्याशियों पर दाव लगा रहे कई दिग्गज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद चुनाव की घोषणा हो गई है। पहली बार मुख्य व उपमुख्य पार्षद पद का चुनाव सीधे हो रहा है। चेयरमैन का पद अतिपिछड़ा वर्ग की महिला के आरक्षित है। जबकि उप चेयरमैन भी पिछड़ा वर्ग अन्य के लिए आरक्षित हो गया है। आरक्षण रोस्टर के कारण नगर परिषद के कई शुरमा चुनाव लड़ने से वंचित हो गए है। उनके पास पहली बार सीधे चेयरमैन बनने का मौका था, लेकिन आरक्षण के कारण उन्हें मायूसी हाथ लगी है।

आरक्षण में फेल होने के बाद नगर परिषद की राजनीति में महारथ हासिल रखने वाले अब इसका तोड़ निकाल रहे है। वे निर्धारित कोटे के अपने किसी चहेते प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतार रहे है। उनके बूते ही वे नगर परिषद की राजनीति में अपनी पकड़ बनाए रखने की जुगाड़ लगा रहे है। चुनाव की तिथि तथा आरक्षण रोस्टर की घोषणा के साथ ही कई महारथी ऐसे लोगों की तलाश में जुट गए है, जिनके सहारे वे नगर परिषद में अपनी सक्रियता जारी रख सकते है।

इसके पहले बक्सर नगर परिषद चुनाव में भी यह देखने को मिला है। जब मुख्य पार्षद पद के लिए बक्सर के दो शुरमाओं की खासे चर्चा रही। वे अपने





चहेते को मैदान में उतारे भी थे। वही उप मुख्य पार्षद पद के लिए युवा नेता रामजी सिंह ने भी अपने समर्थित प्रत्याशी को मैदान में उतारा था तथा वे अपने प्रत्याशी को जीताने में सफल भी रहे। बक्सर चुनाव के बाद अब डुमरांव नगर परिषद के चुनाव में भी ऐसे किंग मेकरों की संख्या बढ़ते जा रही है। बता दें इस आरक्षण रोस्ट के कारण निवर्तमान चेयरमैन भागमनी देवी, पूर्व चेयरमैन विभा देवी, मीरा देवी, पूर्व उपमुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर, चर्चित युवा पार्षद सोनू राय आदि को मुख्य तथा उप मुख्य पार्षद का चुनाव लड़ने से वंचित होना पड़ रहा है। इसके अलावे भी कई ऐसे धुरंधर है जो इस बार चेयरमैन का चुनाव लड़ने का ख्वाब पाले थे। लेकिन आरक्षण रोस्टर के कारण ऐसे लोगों का ख्वाब पूरा नहीं हो पाया है। जिस कारण वे अपने समर्थित उम्मीद्वारों को जीताने के लिए अभी से ही एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। हालांकि डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में अभी किसी ने खुलकर किसी प्रत्याशी का समर्थन नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि जैसे जैसे चुनाव नजदीक आएगा, यह साफ होता जाएगा कि किस उम्मीद्वार को किस किस का समर्थन प्राप्त है।

**कोर्ट के फैसले पर टिकी थी उम्मीदें :** बता दें कि चेयर मैन तथा वाइस चेयरमैन के पद को सिंगल पद का हवाला देते हुए इसे आरक्षण के दायरे से बाहर रखने की मांग की गई थी। कई लोगों ने इसके लिए हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। लेकिन कोर्ट के फैसले के पहले ही चुनाव की घोषणा से संभावित लोगों को निराशा हाथ लगी है। हालांकि कई लोगों को अभी भी उम्मीद है कि इस मामले में चुनाव से पहले हाई कोर्ट कोई न कोई निर्णय जरूर देगा। पूर्व पार्षद सोनू राय ने कहा कि चूकि मुख्य व उप मुख्य पार्षद का पद सिंगल पद है। ऐसे में इस पद को आरक्षण से मुक्त रखना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वार्डों में आरक्षण रोस्टर लागू किया जाना तर्क संगत है। लेकिन मुख्य तथा उपमुख्य पार्षद पद के लिए यह न्यायसंगत नहीं लग रहा है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया ब्रह्मा ठाकुर, दीपक तिवारी आदि ने दी है।

## खबरें फटाफट

### रेलवे ने पांडेय पट्टी में जलजमाव का किया निरीक्षण

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के निर्देश पर रेलवे के अधिकारियों ने रविवार को बक्सर के पांडेय पट्टी में जाकर जलजमाव का निरीक्षण किया तथा जल निकासी की रणनीति बनाई है। बता दें कि हाल ही में स्थानीय लोगों ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री चौबे को अवगत कराया था। उन्होंने एक सप्ताह पूर्व ही रेलवे के संबंधित अधिकारी को इसका निरीक्षण कर जल निकासी कराने का निर्देश दिया था। केन्द्रीय मंत्री के पहल पर ही रेलवे के इंजीनियर तथा अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया है। इस संबंध में नगर परिषद एवं स्थानीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। ताकि यथाशीघ्र स्थानीय लोगों को जलजमाव की समस्या से निजात मिल सके। बता दें कि पांडेय पट्टी में जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है।

### अगलगी में तीन मवेशी झुलसे एक की मौत

**नावानगर।** सिकरौल थाना के बिक्रम इंग्लिश पुर गांव के एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से तीन मवेशी झुलस गए। जिनमें एक की मौत हो गई है। इस घटना में राजगृही सिंह और काशी सिंह का सब कुछ जल कर नष्ट हो गया है। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। आगलगी की घटना में तीन मवेशी बुरी तरह से झुलस गई है वही एक मवेशी का मौत हो गई है। साथ ही दरवाजे पर खड़ी एक टेम्पू में आग लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इस घटना के बाद गृहस्वामी काफी मायूश हो गए है।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय सफाखाना रोड के बाबानगर मोहल्ले से एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। बाइक दरवाजे पर खड़ी थी कि उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में पीड़ित बाबानगर मोहल्ला निवासी विनय कुमार मिश्र ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गयी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़ित अपने मकान के दरवाजे पर बाइक को खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब बाहर निकला तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। बाइक का नंबर यूपी 60 ई 2827 बताया जाता है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

## आचार संहिता का पालन व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए मुश्तैद हुआ प्रशासन

# आचार संहिता लगते ही डुमरांव नप क्षेत्र की सड़कों से हटाए गये बैनर व पोस्टर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा डुमरांव नगर पर्षद की चुनावी घोषणा किये जाने के बाद आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया। रविवार को प्रशासन द्वारा गठित निर्वाचन विभाग और नगर परिषद प्रशासन के निर्देश पर कर्मचारियों की टीम ने स्थानीय शहर में लगाये गये विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के अलावे धार्मिक बैनर व पोस्टरों हटाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही नगर परिषद के कर्मचारी भी शहर के विभिन्न सड़क व गलियों में टांगे गये बैनर व पोस्टर को हटाने की मुहिम में जुट गये है।

अनुमंडल के निवार्ची पदाधिकारी कुमार पंकज ने बताया कि सरकारी कार्यालयों सहित नप क्षेत्र के इलाकों में लगाये गये बैनर-पोस्टर को हटाने की मुहिम शुरू कर दी गयी है। राजनीतिक दलों, भावी उम्मीदवारों और संस्थानों के प्रमुख को शीघ्र बैनर-पोस्टर हटाने का निर्देश दिया गया है। अगर निर्धारित अवधि तक वह अपना बैनर-पोस्टर नहीं हटाते है तो आदर्श आचार संहिता के दंड प्रारूपों के अनुसार





उल्लंघन का मामला मानते हुए कार्रवाई की जायेगी।

वहीं दूसरी ओर नप प्रशासन ने उप सहायक बजेंद्र राय के नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम प्रखंड कार्यालय के अलावे शहर के सड़को पर लगे राजनीतिक दलों से जुड़े बैनरों व पोस्टरों को हटाया। बैनर पोस्टर हटाने का काम रविवार को पूरे दिन चला। इस दौरान मुख्य मार्गों के अलावे विभिन्न गली मोहल्लों में भी नप कर्मी तथा मजदूर पहुंच बैनर व पोस्टरों को हटा रहे थे। वही लोगों को भी यह नसीहत दी जा रही थी कि वे अपने घर तथा दीवारों पर बिना प्रशासनिक अनुमति के किसी को बैनर पोस्टर न लगाने दें। नगर परिषद प्रशासन द्वारा माइकिंग करा भी इसकी जानकारी दी जा रही थी।

**स्वीकृति के बाद लगाया जा सकता है बैनर पोस्टर :** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब जिन प्रत्याशियों को बैनर व पोस्टर लगवाना होगा उन्हें अनुमंडल प्रशासन से स्वीकृति लेनी होगी। स्वीकृति में उन्हें यह भी बताना होगा कि कितने बैनर व पोस्टर साटना है तथा उसमें कितना खर्च आया है। बता दें कि प्रत्याशियों के लिए चुनाव के दौरान खर्च की अधिकतम सीमा भी तय कर दी गई है।

**कहते है एसडीएम :** डुमरांव एसडीएम सह नगर परिषद के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी कुमार पंकज ने कहा कि हर हाल में आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान प्रत्याशियों की गतिविधि तथा खर्च की राशि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

### बैनरों व पोस्टरों से पट गया था शहर

बता दें कि पिछले तीन महीने से डुमरांव में नगर परिषद चुनाव की सरगर्मी के अलावे वर्ष प्रतिपदा, चैत रामनवमी, ईद जैसे कई धार्मिक आयोजन व पर्व त्योहार भी मनाए गए है। जिस कारण पूरा शहर बैनरों व पोस्टरों से भर गया था। संभावित प्रत्याशियों के बैनर पोस्टर तो मुख्य मार्गों के अलावे गली मोहल्ले में भी लगे थे। लंबे समय से चुनाव की घोषणा नहीं होने के बावजूद प्रत्याशियों के हौसले बुलंद थे। लेकिन अब आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उन बैनरों व पोस्टरों को हटाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। वही प्रत्याशियों की मुश्किलें भी बढ़ने वाली है। निर्धारित समय के अंदर बैनर पोस्टर नहीं हटाने वाले प्रत्याशियों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की गाज गिरनी तय है।

# ट्रक ड्राईवर बन पुलिसकर्मियों ने शराब कारोबारी को दबोचा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय पुलिस ने नाटकीय ढंग से एक शराब कारोबारी को 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दबोच लिया है। इसके लिए पुलिसकर्मी ट्रक ड्राइवर बने थे। जैसे ही करोबारी उनकी डिमांड पर शराब की खेप लेकर पहुंचा कि उसे गिरफ्तार कर लिए। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। वही उसके स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस शराब तस्करों के नेटवर्क को खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार कोरानसराय चौगाई रोड में कांव नदी पुल के पास हर दिन ट्रक ड्राइवरों का जमावड़ा लगता है। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी कि यहा ट्रक चालकों को शराब की डिलीवरी भी दी जाती है।



इस सूचना पर शनिवार की रात पुलिस खुद सादे लिबास में ट्रक चालक बन चालकों के बीच बैठ गई। थोड़ी देर बाद कोरानसराय का ही सोनू कुमार नामक युवक वहा पहुंचा। जिसे पुलिसकर्मियों ने शराब का आर्डर दिया। उन्हें ट्रक चालक समझ वह एक झोले में 25 बोतल शराब लेकर पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया है। जबकि उसके निशानदेही पर छापेमारी की जा रही है।

# चला अभियान : 40 लीटर महुआ शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, तीन बाइक जब्त

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के समौसर-धनपुरा मार्ग से 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ पांच तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। साथ ही पुलिस ने तस्कर के तीन बाइक को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्करों में भोजपुर जिला अंतर्गत अगियांव बाजार थाना के बीरपुर गांव निवासी महेन्द्र सिंह, सूरज कुमार व सोनू कुमार तथा रोहतास जिला के देव पड़सर निवासी पप्पू प्रसाद एवं समौसर नोनफर टोला निवासी ओमप्रकाश है।

बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली थी कि समौसर-धनपुरा मार्ग से महुआ शराब



की खेप गुजरने वाली है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने गश्ती कर रहे एएसआई रौशन अली एवं ओपी के जवानों ने उक्त मार्ग के माध्यम आवाजाही कर रही बाइक की जांच करने लगे। तभी एक के बाद एक तीन बाइक वहां पहुंची। पुलिस को देखकर बाइक चालक पीछे मुड़कर भागने की कोशिश किया। पर पुलिस के जवानों ने दौड़कर तीनों बाइक को पकड़ लिया। इस दौरान एक तस्कर भाग निकला। वहीं तीन बाइक के साथ चार तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा। साथ ही तीनों बाइक पर रखे तीन गैलेन को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच किया। जांच में दो गैलेन में 15-15 लीटर तथा एक गैलेन में 10 लीटर देशी महुआ शराब थी। जिसे पुलिस ने जब्त बाइक एवं महुआ देशी शराब को ओपी ले आए। वही गिरफ्तार तस्कर से पुलिस द्वारा पुछताछ में फरार तस्कर सोनू कुमार का नाम सामने आया। जिसे पुलिस ने रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब तस्करी मामला में सभी पांचों तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### छात्रशक्ति ने चलाया गंगा स्वच्छता अभियान, शहर के दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल



**बक्सर।** छात्रशक्ति ने अपने संकल्पित अभियान हर रविवार युवा पुकार मां गंगा किनारे के तहत 444वां रविवार को रामरेखाघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने अपने संकल्प के तहत इस रविवार भी मां गंगा के जलस्त्रोत तथा रामरेखाघाट से कचरा को निकालकर बाहर रखने का कार्य किया। बता दें कि युवा नेता सौरभ तिवारी के नेतृत्व में 2 नवंबर 2014 से छात्र शक्ति के तत्वावधान में गंगा सफाई अभियान निरंतर जारी है। इस बार 444 वां सप्ताह था। स्वच्छता अभियान चला रहे युवाओं ने घाट पर स्नान करने वाले लोगों को गंगा की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बता दें कि इस अभियान को चला सौरभ तिवारी तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राष्ट्रीय युवा नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित भी हो चुके है। उन्होंने कहा कि गंगा मईया के आशीवार्द से ही उनका अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि मां गंगा की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है और इसमें सभी को पूर्ण निष्ठा के साथ लगना पड़ेगा। सफाई अभियान में कृष्ण मुरारी पांडेय, पवन पांडे प्रभाकर तिवारी, नगर पार्षद दीपक सिंह, अनूप उज्जैन, शुभम गुप्ता, कौशल सिंह, बैजू मिश्रा, सूरज पांडे विकास राय, संजीव तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, संदीप सिंह, महावीर गुप्ता समेत अन्य लोगों ने श्रमदान किया।

### स्वास्थ मिशन के तहत करहंसी व चकरहंसी में आयोजित हुआ मेडिकल कैंप

**बक्सर।** रविवार को चकरहंसी एवं करहंसी पंचायत में मुफ्त स्वास्थ जांच सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन समाज सेवी डा राजेश मिश्र के स्वास्थ्य मिशन की टीम द्वारा किया गया था। प्रत्येक रविवार की तरह इस बार भी बक्सर स्वास्थ मिशन के बैनर तले डॉ राजेश मिश्र के द्वारा करीब 150 मरीजों की जांच एवं उपचार के साथ उन्हें जागरूक भी किया गया। इस दौरान डॉ राजेश मिश्र ने कहा कि क्षेत्र में प्रत्येक



रविवार स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का उनका अभियान कारगर सिद्ध हो रहा है। क्षेत्र के लोग इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर शामिल हो रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में डॉ राजेश ने शरीर में उत्पन्न होने वाली कई बीमारियों जैसे गर्भाशय, आहार नलिका, आंत, पित्त थैली इत्यादि में होने वाली समस्याओं के बारे में आमजनों को अवगत कराया। शिविर में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। आनंद कुमार सिंह उर्फ (बंटी), सरोज कुमार, डब्लू यादव, बबुआ यादव, अमित पाण्डेय, नन्द कुमार राम, देवेंद्र सिंह उर्फ (नाटा सिंह), कृष्णा नंद सिंह, सुधीर सिंह, संजय सिंह, संतोष यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे। वहीं इस अभियान को सफल बनाने के लिए डॉ राजेश मिश्र के साथ उनकी स्वास्थ्य मिशन की टीम के रंजीत कुमार, अश्विनी कुमार, दीपक मिश्र, राकेश पाठक रोग-उपचार के लिए उपस्थित रहे. इस शिविर के माध्यम से डॉ मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य साक्षरता के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य स्वास्थ्य संबंधित नवचेतना को पुनजार्गृत किया जा सकता है।

### माइक्रो फाइनेंस कर्मी को चाकू मार लूट लिए 13,600 रुपए, आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव में एक माइक्रो फाइनेंसकर्मी को चाकू मार 13 हजार 600 रूपए लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि स्थानीय निवासियों तथा माइक्रो फाइनेंसकर्मी की शिकायत पर पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। वही चाकू भी बरामद कर लिया गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। मामला नगर के ठठेरी बाजार मोहल्ले का है। जानकारी के अनुसार कोरानसराय थाना क्षेत्र के लहना गांव निवासी अमरनाथ दूबे डुमरांव के किसी फाइनेंस कंपनी





में काम करते है। वे दक्षिण टोला मोहल्ले में कलेक्शन लेने गए थे। कलेक्शन में मिले 13 हजार 600 रूपए लेकर वे ठठेरी बाजार पहुंचे। यहा एक महिला समूह से अभी बात ही कर रहे थे कि इसी मोहल्ले का स्व विश्वनाथ प्रसाद का पुत्र जितेन्द्र प्रसाद वहा पहुंचा तथा बताया कि वह अपनी पत्नी का रूपया जमा करने आया है। वह माइक्रो फाइनेंस कर्मी को झांसे में ले मीटिंग से बाहर बुला चाकू की नोक पर लूट पाट करने लगा और विरोध करने पर चाकू मार उससे 13 हजार 600 रूपए लूट लिया। हालांकि कर्मी के शोरगुल पर स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे तब आरोपी भाग खड़ा हुआ। इसके बाद स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची तथा उसे गिरफ्तार कर ली। उसके निशानदेही पर चाकू भी बरामद कर लिया गया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। इस घटना के बाद लोग उसके दुस्साह की चर्चा कर रहे थे। वही मोहल्ले में कई तरह की चचाएं हो रही है।

## एमडीजे पब्लिक स्कूल में पूर्व चेयरमैन की मनायी गयी 82वीं जयंती, वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

# डॉ जीडी सिंह ने शिक्षा की मशाल को जागृत करने का किया काम

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल में रविवार को पूर्व चेयरमैन डॉक्टर जी डी सिंह की 82वीं जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह समेत सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मियों ने उनके तैल्य चित्र पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र से किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ जीडी सिंह अपने समस्त जीवन काल में सदैव शिक्षा की अलौकिक मशाल को जागृत करने का काम किया।

दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के





निदेशक के पद को सुशोभित होने के बावजूद शिक्षा में हमेशा गरीबों एवं वंचितों को मदद करने का काम करते थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व सिंह को शिक्षा से गहरा लगाव था। उन्होंने अपने जीवन काल में कई पुस्तकें भी लिखी। उनकी लिखी हुई पुस्तक राजभाषा हिंदी, माटी की सुगंध इत्यादि प्रमुख थे। उनकी लिखी गई पुस्तकें हमेशा हम सब के लिए मार्गदर्शन का काम करती रहेगी। वे सादा जीवन उच्च विचार के कहावत को चरितार्थ करते हुए अपना पूरा जीवन शिक्षा के लिए न्योछावर कर दिए थे। उनका सपना था कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े बिना एक सुशिक्षित और संस्कारित समाज का निर्माण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अतः उन्होंने अपने जीवन काल में सदा गरीब और असहाय को मदद करते हुए शिक्षा के अलौकिक मशाल को जगाए रखने का काम किया।

वहीं विद्यालय के प्राचार्य ए के घोष समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके जयंती पर अपना विचार प्रकट करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में उनकी गहरी रूचि का प्रमाण है। वक्ताओं ने कहा कि उनके सिद्धांतों को अपनाते हुए यहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाता है। इस दौरान सभी शिक्षकों तथा कर्मियों ने कहा कि उनका व्यक्तित्व व कृतित्व सभी के लिए प्रेरक है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया। मौके पर वीर बहादुर सिंह, नंदकिशोर सिंह, मुकेश कुमार, उमेश प्रसाद, विजय प्रसाद सिंह, चंदन कुमार, मालती कुमारी, सविता कुमारी, सुष्मिता कुमारी, जगतपति सिंह, सरिता कुमारी, राकेश रौशन समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिका थे।


# सलाह: बढ़ते तापमान के प्रभाव से हीट-वेब का शिकार होने की संभावना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि क्या करें, क्या न करें के बारे में जानकारी दी। आपदा से बचाव के बारे में बताया कि कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच, गरम हवा की स्थिति जानने के लिए रेडियो सुने, टीवी देखें, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। जितने बार हो सके पानी पीएं। यहां तक कि प्यास न लगा हो तब भी पानी पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके। हल्के रगं के ढीले ढाले सूती वस्त्र पहने ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोख कर शरीर को ठंडा रखे। धूप में बाहर जाने से बचें। अगर बहुत

❒ **गर्मी से बचने के लिए ओआरएस का घोल पीएं, नीबू या कच्चे आम से बनी लस्सी का करें प्रयोग**

जरुरी हो तो गमछा, चश्में, छाता, टोपी एवं जूते या चप्पल पहनकर ही घर से बाहर निकले। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तमाल न करें। यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। यात्रा करते समय अपने साथ बोतल में पानी जरुर रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। गर्मी के दिनों में ओआरएस का घोल पीना चाहिए। अन्य घरेलू पेय जैसे, नीबू पानी, कच्चे आम का बना लस्सी आदि का प्रयोग करें। इससे शरीर में पानी की कमी न हो, अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने।



तकलीफ होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें, जानवरों को छायादार स्थान में रखें। उन्हें पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी दें। अपने घर को ठंडा रखें। घर को पर्दे से ढक कर या पेन्ट लगाकर 3-4 डिग्री तक ठंडा रखा जा सकता है। रात में अपने घरों की खिड़कियों को अवश्य खुली रखें। कार्यस्थल पर पानी की समुचित व्यवस्था रखें। फैन, ढीले कपडे. का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार-बार नहाएं। उन्होंने कहा कि वह जानना भी जरूरी है कि गर्मी में क्या न करें।

बताया कि धूप में खडे. वाहन में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोडें, खिड़की की रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमुनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी का अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों दरवाजे पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है। काले कपडे/पर्दे लगाकर रखना चाहिए। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान को सूनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सर्तक रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें, जहॉ तक संभव हो घर में ही रहें। सूर्य के सर्म्पक से बचे। सूर्य की तापमान से बचने के लिए जहॉ तक सम्भव हो घर की निचली मंजिल में ही रहें। सबसे उपरी मंजिल में कदापि न रहें। ताप के प्रभाव से लू (हीट-वेव) का शिकार होने की सम्भावना प्रायः बनी रहती है। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। दिन के 11 बजे से तीन बजे के बीच बाहर न निकलें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें। खाना बनातें समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें। जिससे हवा का आना जाना बना रहें। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर का प्रयोग करें।

## रामलीला मैदान से गरजे प्रदेश के डिप्टी सीएम, कांग्रेस व सपा पर साधा निशाना

# बजरंगबली पर बैन लगाने वालों को माफ नहीं करेगी दुनिया: बृजेश पाठक

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के रामलीला मैदान में नगर पालिका बलिया से भाजपा प्रत्याशी संत कुमार उर्फ मिठाई लाल के समर्थन में आयोजति जनसभा में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा के साथ ही कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। बजरंगबली पर बैन लगाने वालों को दुनिया माफ नहीं करेगी। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। कांग्रेस ने कोर्ट में शपथ पत्र दिया था कि राम जन्म का कोई प्रमाण नहीं है। बलिया का नाम पूरे देश व विश्व में है। 2014 के पूर्व देश में भ्रष्टाचार वाली सरकार थी। अधिकतर मंत्री लूट खसोट में जेल में थे। भाजपा की सरकार में कोई भ्रष्टाचार का मामला सामने नहीं आया है। पुलवामा अटैक में नरेंद्र मोदी ने सेना को छूट दी। जवानों ने पाकिस्तानियों के सैकड़ों कैम्प उजाड़ दिए। हमारा अभिनंदन जहाज सहित पाकिस्तान में गिर गया था। लोगों ने कहा कि वो मारा जाएगा। नरेंद्र मोदी के कारण अभिनन्दन ससम्मान वापस लौटे। सूडान में गृह युद्ध चल रहा है, प्रधानमंत्री के कारण भारतीयों से भरी





जहाजें आ रही हैं। देश में पंडित दीनदयाल का सपना साकार हो रहा है।

**किसानों दिया जा रहा सम्मान :** डिप्टी सीएम ने कहा कि कच्चे मकान वालों को पक्का मकान मिला है। सभी घरों में शौचालय बनवाने का काम किया, महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। जलजीवन के माध्यम से हर घर को नल से जोड़ा जाएगा। अमृत योजना चलाकर नगरों को स्वच्छ किया जा रहा है। गरीब के घर पहले बीमार होने पर गहने व जमीन बिक जाते थे। अब पांच लाख का आयुष्मान कार्ड पर इलाज हो रहा है। किसानों सम्मान दिया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने माफियाओं को खत्म करने का काम किया है। सपा के लोग खाली प्लाट और मकान का नारा देकर कब्जा करने का काम करते थे। आज बेटियां सुरक्षित हैं। 90 प्रतिशत स्कूल कायाकल्प योजना से बेहतर व सुंदर बने हैं। आज हर गांव में पंचायत भवन बना है, जिसमे सचिव बैठ रहे हैं। पहले जिले में बत्ती रात या दिन में आती थी, आज जनरेटर शोपीस बने हैं। पूर्वाचल एक्सप्रेस से बलिया के लोग चार घंटे में लखनऊ पहुंच जा रहे है। मेडिकल कालेज व अस्पताल के सुविधाएं बेहतर होंगी।

**देवरिया में लठैत पार्टी के नाम से जानी जाती है सपा :** देवरिया के भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भृगु बाबा की पावन धरती को नमन किया। सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देवरिया में समाजवादी पार्टी को लठैत पार्टी कहते है। क्योंकि जहां कमजोर गरीब दिखा लाठी के बल पर उसकी जमीन कब्जा कर लेते हैं। बहुत लोग सिनेमा देखना छोड़ दिए क्योंकि 2017 के बाद बॉलीवुड सिनेमा दिखा। अब 2022 के बाद हॉलीवुड की फिल्म योगी आदित्यनाथ दिखा रहे है। प्रदेश में आज बड़े माफियो में शुमार अतीक व अशरफ को मिट्टी में मिलाने का काम किया।

## खुलेंगी गुरु घोटालों की फाइलें, पूर्व मंत्री का जेल जाना तय: दयाशंकर

**बलिया।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया नगर पालिका में 1995 के बाद कमल का फूल खिलने जा रहा है। पहले यहां विकास की धारा रोकने का षड्यंत्र किया जाता था। नगर में चार प्रत्याशियों को गुरू घंटाल लड़ा रहे हैं। हमारे भी 30 लोग चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन आज सभी सन्तलाल को चुनाव लड़ा रहे हैं। सीवरेज योजना का करोड़ों खाने के कारण ये शोपीस बना हुआ है। तीन वर्षों तक लगातार जलजमाव से नगर डूबा रहा, नाली को ऐसा बनवाऊंगा की आने वाली पीढ़ी याद करेगी। आज इतनी बढ़िया सड़कें बन रही है जो इसके पूर्व नहीं बनी। सीवरेज के लिए अधिकारियों ने 135 करोड़ मांगा था। हमने 271 करोड़ दिए। 150 करोड़ शुद्ध पानी के लिए लाए हैं। पूर्व मंत्री नारद राय संजय के साथ धोखा कर रहे हैं। कटहल नाले में 1972 के बाद रेगुलेटर लग रहा है। अब पानी का बहाव तेज होगा। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल में 10 बेड डायलिसिस के बढ़ाने का काम किया।

## दुकान में लगी आग, तीस लाख का सामान नष्ट

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के महाहर धाम चौराहे के पास स्थित हार्डवेयर एवं बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया, वहीं दूसरी ओर पूरी बिल्डिंग में दरारें पड़ गयी। मरदह गांव निवासी दुकानदार ओमप्रकाश पाल महाहर धाम स्थित चौराहे पर मकान बनाकर जीविकोपार्जन के लिए दुकान चलाता था, उसने बताया कि रात्रि में 9.30 बजे दुकान बंद कर-के घर गया था उसी दौरान दुकान में आग लगने की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचा और दुकान के शटर को काफी मशक्कत के बाद खोला गया। तब तक आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया था। इधर सूचना पर मरदह पुलिस एवं फायर ब्रिग्रेड मौके पर दो घंटे बाद पहुँची। तब तक सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। ओमप्रकाश पाल ने बताया की लगभग तीस लाख रुपये के हार्डवेयर व पेंटिंग का सामान जलकर नष्ट हो गया। साथ ही साथ पांच कमरों के मकान भी काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है। इससे काफी नुकसान हुआ।

घटना के बाद पीड़ित परिजन काफी दु:खी नजर आएं और खुले आसमान के नीचे जीवन- यापन करने को विवश हुए। वहीं दूसरी ओर बगल स्थित सैलून की दुकान व श्रृंगार गृह की दुकान भी आग की लपटें में घिर गई, लेकिन मामूली नुकसान के बाद दुकानदार सुनील व अरमान ने समय रहते ही दुकान को खाली कर दिया। इससे उनकी क्षति नाममात्र ही हुई। दुकान में आग लगने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

# किसान की गला रेतकर हत्या वारदात की जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दिलदारनगर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक किसान की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वह काफी दिनों से गांव से बाहर खेत में घर बनाकर रह रहा था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दिलदारनगर थाना क्षेत्र के मिर्चा गांव निवासी हरेंद्र बिंद (58) पुत्र घूरा बिंद खाना खाने के बाद गांव के पास खेत में बने घर में सोया हुआ था। रात में किसी वक्त धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना के तत्काल बाद प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर तथा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह को



अवगत कराया गया। कुछ ही देर में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में जानकारी ली और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए संबंधित को निर्देश दिया। हत्या के बाद मुकामी पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वहीं, दूसरी ओर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाज्ल है। परिजनों ने जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# प्रतिभा किसी अभाव की मोहताज नहीं: प्रवक्ता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

माता कमली विद्या इंटर कॉलेज नुआंव के परिसर में कक्षा हाईस्कूल व इण्टरमिडिएट मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया। यूपी बोर्ड घोषित परीक्षा फल में विद्यालय की छात्राओं ने गांव से जनपद स्तर तक अपना डंका बजाया। घोषित रिजल्ट में कक्षा दस की छात्रा गोल्डी यादव प्रथम स्थान, प्रिया यादव दूसरा स्थान, अंजू यादव तीसरे स्थान पर रही। इसी क्रम में इंटरमिडिएट की छात्रा अमृता यादव प्रथम, मिथिलेश बिन्द दूसरे स्थान तथा तीसरे स्थान पर खुशी वर्मा विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने में शामिल रही।

समारोह में डायट प्रवक्ता डॉ. हरिओम प्रताप यादव ने छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर जोरदार नागरिक अभिनंदन किया तथा मेडल, डायरी, कलम, वार्षिक कैलेंडर, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व हौशला अफजाई करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कहा कि प्रतिभा किसी अभाव की मोहताज नहीं होती। सच्ची मेहनत से लक्ष्य निर्धारित कर-के जो भी छात्र-छात्राएं किसी भी प्रकार के परीक्षा में सम्मिलित होंगे कामयाबी जरूर हासिल होगी। साथ ही



साथ गुरूजनों के सानिध्य में अपने माता पिता का आज्ञाकारी बन संस्कारवान बन अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं। इस मौके पर प्रधानाचार्य विजय शंकर सिंह यादव, प्रबंधक देवनन्दन यादव, विजय कुमार, वीरेन्द्र कुमार, प्रेमचंद यादव, वीरेन्द्र राम, सिहांसन, अजीत राजभर, विजयमल, महेश बिन्द, गोविन्द, क्रान्ति यादव, मंशा भारद्वाज, रमाशंकर, मनोज यादव, रमेशचन्द्र यादव, काशी यादव, संतोष यादव, पिन्टू यादव, साहब यादव, पंकज यादव, अवधेश यादव, हनुमान यादव, शिवकुमार, राधे मोहन, रामकृत, मुन्ना यादव, नितिश, अरविन्द यादव आदि मौजूद रहे।

## देश भर के 1275 रेलवे स्टेशन इस योजना से जुड़े, यूपी के 149 रेलवे स्टेशनों का भी होगा कायाकल्प

# गाजीपुर सिटी स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में किया गया शामिल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अमृत भारत स्टेशन योजना से देश भर के 1275 रेलवे स्टेशन को जोड़ा गया है। इनमें से 149 रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश के हैं। अब गाजीपुर सिटी स्टेशन भी इस योजना से जुड़ गया है। डीआरएम वाराणसी ने यात्रियों की सुविधा में इजाफा के लिए गाजीपुर सिटी स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया है। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने




गाजीपुर सिटी स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं में इजाफा करने और बेहतर सुविधाएं तलाशने के लिए पिछले दिनों निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे आवासीय कालोनी का भी निरीक्षण किया था। रेलवे कॉलोनी के कई घर बेहद पुराने हैं, जो अब रहने लायक नहीं रह गए हैं। इसका संज्ञान लेते हुए डीआरएम ने निर्माण के लिए उपलब्ध जगह का बेहतर प्रबंधन करते हुए मल्टी स्टोरी रेलवे क्वार्टर बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सिटी स्टेशन के पूर्वी छोर पर सेकेंड एंट्री गेट बनाकर उसे मेन रोड से कनेक्ट करने का भी निर्देश संबंधित को दिया है। ऐसा करने से आये दिन स्टेशन तिराहे पर लगने वाली जाम की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल पाएगा। स्टेशन पार इलाके के लोग रौजा ओवरब्रिज से आकर प्रस्तावित पूर्वी गेट से एंट्री लेकर सीधे रेलवे स्टेशन परिसर में एंट्री कर पाएंगे।

स्टेशन तिराहे पर जाम लगने की समस्या को देखते हुए डीआरएम ने स्टेशन के सामने बनी पार्किंग को दूसरे जगह शिफ्ट करने का आदेश दिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर पांच के पास हुए व्यापक जल जमाव को नाली बनाकर निकालने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने यात्री निवास, प्रतीक्षालय के साथ ही डॉरमेट्री का भी निरीक्षण कर उसमें और सुविधाएँ दिए जाने का भी निर्देश दिया है। डीआरएम रामाश्रय पांडेय जब गाजीपुर सिटी स्टेशन का निरीक्षण करने आए थे तभी कुछ बेहतर करने की बात कही थी। मीडिया को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ सर्वे करने के क्रम में खुद ही चिन्हित स्टेशन का दौरा कर रहे हैं। जल्दी ही इस बाबत डीपीआर (डिटेल प्रोजेस्ट रिपोर्ट) रेलवे बोर्ड को भेज दी जाएगी। बहुत से स्टेशन पर फूड प्लाजा के साथ ही यात्रियों की यात्रा से जुड़े एक्सपेरिएंस को बेहतर बनाने के लिए कई आवश्यक कदम उठाया जाना प्रस्तावित है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक अधेड़ की जहां मौत हो गई। वहीं दूसरा अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना नसीराबाद जबकि दूसरी घटना में एकौनी गांव की है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात सत्यनारायण पासवान निवासी सागरपाली दुकान का काम निपटा कर अपने घर जा रहा था। अभी सत्यनारायण ज्यों ही नसीराबाद गांव के सामने पहुंचा कि विपरीत



दिशा से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सत्यनारायण पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिया। बता दें कि सत्यनारायण बलिया किसी चाय की दुकान पर नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। सत्यनारायण की पत्नी राजकुमारी बार बार एक ही राग आलाप रही थी कि अब हमरा बाबू लोग के संभाली ए रामवा। इससे लोगों की आंखें नम हो जा रही थी। मृतक परिवार का एकलौता कमाऊ सदस्य था। सत्यनारायण के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उधर रविवार की सुबह फेफना रसड़ा राजधानी रोड पर एकौनी गांव के सामने पेट्रोल पंप के समीप किनारे खड़ा ट्रक में फेफना की तरफ से जा रही मारुति ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे मारुति के परखच्चे उड़ गए। मारुति चालक के सिर में चोट लगने के कारण अधिक रक्त स्राव होता देख पुलिस ने चालक को जिला अस्पताल भेजवा दिया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### ट्रक से टकराया पिकअप, तीन युवकों की मौत

**बलिया।** रसड़ा थाना के निबू चट्टी के पास शनिवार की देरशाम सड़क किनारे खड़े ट्रक से डीजे लदी पिकअप टकरा गई। जिससे उस पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पिकअप का चालक भाग निकला। मौत की खबर लगते ही तीनों परिवार में कोहराम मच गया, परिवार के सदस्यों का रोते-रोते बुरा



हाल रहा। गाजीपुर के बिरनो थाना क्षेत्र से एक बरात रसड़ा आ रही थी। बारात में शामिल होने के लिए डीजे वाले पिकअप से सिघाधर घाट होते हुए रसड़ा आ रहे थे। पिकअप पर डीजे बंधा था, जिसमें सभी आपरेटर सवार थे। सिघाधर घाट- रसड़ा मार्ग के नीबू चट्टी पर अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार की बोलेरो से बचने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्करा गई। इसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गए। चालक के दाहिने साइड़ बैठे डीजे आपरेटर मुकेश कुमार (19), अंकित कुमार ऊर्फ गोलू (19) और जौनपुर निवासी एक अज्ञात 20 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। पिकअप की छत पर बैठा अजय कुमार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय शव भिजवाया। रात में घटना की खबर लगते ही बरात में खलबली मच गई। किसी तरह शादी की रस्म पूरी कर रात में ही बारात वापस लौट गई। रसड़ा थाना प्रभारी हितेन्द्र सिंह ने कहा कि तेज रफ्तार की डीजे लदी पिकअप ने ओवरटेक के चक्कर में सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई। एक घायल है। एक युवक के परिजनों के न आने के कारण उसका पोस्टमार्टम अभी नहीं हुआ है।

### चिकित्सकों का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**बलिया।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के चिकित्सकों का वार्षिक अधिवेशन एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल शहर स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। उक्त समारोह में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सचिन वैश्य एवं महासचिव डॉ अमित सिंह का लखनऊ से आगमन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ वैश्य ने पूरे प्रदेश में चिकित्सकों से संबंधित तमाम




समस्याओं एवं उनकी लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की एवं संघ द्वारा समय-समय पर किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि महासचिव डॉ अमित सिंह ने संघ की मजबूती के लिए हर सदस्य को अपना योगदान देने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ संतोष चौधरी (हड्डी रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल बलिया) एवं सचिव डॉ सिद्धार्थ मणि दुबे (नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, पीपीसी जिला महिला अस्पताल) एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। डॉ. संतोष एवं डॉ. सिद्धार्थ ने अपने उद्बोधन में संघ की मजबूती के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा एवं समस्त चिकित्सक बंधुओं को आश्वस्त किया कि संघ समस्त चिकित्सकों के सुख दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा मिलेगा। डॉक्टर दुबे ने यह भी कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसके सदस्यों की संख्या होती है इसलिए वह चिकित्सक जो अब तक संघ के सदस्य ना बने हो जल्द से जल्द सदस्यता हासिल कर ले। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत कुमार, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिवाकर सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार एवं जनपद के समस्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

### भाजपा व बसपा पर जमकर बरसे चंद्रशेखर

**मऊ।** चिरैयाकोट नगर पंचायत क्षेत्र के दरियापट्टी वार्ड के इस्माइल नगर में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण पार्टी से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी फिरोज अंसारी के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा और बसपा पर जमकर बरसे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कानून सबके लिए बराबर नहीं है। जबकि संविधान में सबके लिए एक समान अधिकार है। बाबा साहब से वोट की जो ताकत मिली है , उससे आप अपनी हर समस्या का समाधान कर



सकते हैं। वोट में वह शक्ति है जो बड़े से बड़े आदमी को जमीन पर ला सकती है।यह सरकार दलित व पिछड़े बच्चों के बीस हजार पद खा गई। सरकार नहीं चाहती कि गरीब मजबूत हो।जन कल्याणकारी योजनाओं में सरकार धांधली कर रही है।भाजपा और बसपा दलितों,पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हितैषी होने का केवल दिखावा करती है। इनके बहकावे में कभी मत आइए। हमने हमेशा आपकी लड़ाई लड़ी है। यदि आप बिजली, पानी, सड़क,नाली, अस्पताल, स्कूल आदि की बेहतर सुख सुविधा चाहते हैं तो आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी फिरोज अंसारी को वोट दीजिए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आबिद अंसारी, जिलाध्यक्ष विनय कुमार, अनूप कुमार, ज्योति रंजन भारती, विक्रांत भारती, विधान सभा अध्यक्ष ओंकार भारत, सादिक, आजाद, इरशाद अंसारी, संतोष कुमार, साबिर अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।